एक नजर में

श्री साई विद्या मंदिर के छात्रों का नवोदय में चयन

सिराली श्री साई निकेतन विद्या मंदिर, मुहाड़िया के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र युवान मन्नासे पिता श्री संजय मन्नासे एवं विनायक भायरे पिता श्री संजय भी भायरे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, चारुवा में हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

परशुराम जयंती पर विप्र समाज निकालेगा भव्य शोभा यात्रा

माखन नगर बुधवार को सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ है कि परशुराम जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाई जाएगी नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी एक दिन पहले महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे परशुराम जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाने के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है विप्र समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक रमेश तिवारी कृष्ण कुमार उपाध्याय कुलदीप मिश्रा रमन शुक्ला सहित अनेक विप्र बंधु मौजूद रहे.

हमने वादा किया है हम निभाएंगे – सीएम

सीएम ने किसान सम्मेलन में 36 कार्यों का लोकार्पण किया, विधायक डॉ दोगने ने कहा गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल किया जाये, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा हमने वादा किया है, हम जरूर करेंगे अभी हमारी सरकार तीन साल और है

नवभारत न्यूज

हरदा, 18 मार्च प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उनके स्वागत के लिए पूर्व मंत्री कमल पटेल का नाम लिया गया जैसे ही कमल पटेल मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए आगे बढे तो मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उनके हाथ से साफा लेकर खुद ही पहन लिया। बाद में कमल पटेल ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट पहनाया। विधायक डॉ दोगने ने अपने संबोधन में कहा कि कहा गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रूपये प्रति क्विंटल किया जाये । वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वादा किया है, हम जरूर करेंगे अभी हमारी सरकार तीन साल और है । उन्होंने कहा सरकार इस वर्ष 2625 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन में गेहूं के दाम नहीं बढ़े, जबकि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

सीएम बोले- कांग्रेस के राज में टाट फट्टी भी नहीं थी

सीएम ने कहा कि विधायक जी बुरा मत मानना कांग्रेस की सरकार के दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए टाट पट्टी भी नही हुआ करती थी। भाजपा की सरकार में अब छात्रों को मुफ्त स्कूल ड्रेस, किताबें, साइकिल, लैपटॉप और स्कूटी दी जा रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि नए सत्र से यशोदा माता योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को दूध दिया जाएगा। साथ ही लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जाने की बात दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरदा जिले में स्थापित शहीद दीप सिंह चौहान उद्वहन सिंचाई परियोजना से टेल क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिये पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हरदा में आना कठिनाईयों भरा होता था, लेकिन अब हरदा में सडकों का जाल बिछ गया है। उन्होने कहा कि आज हरदा को तीन सांदीपनि स्कूलों की सौगात भी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आज निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्ष 2003 में लोगों को रात्रि में भी बिजली नहीं मिलती थी लेकिन आज गांव-गांव में चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने स्वागत भाषण दिया । वहीं प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने भी उद्बोधन एवं आभार जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने किया।

36 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 19979.97 लाख रुपए की लागत से बने 36 विकास कार्यों का लोकार्पण और 3248.71 लाख रुपए के 5 नए कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में किसान उपस्थित थे।

श्रीराम जन्म महोत्सव का 63वे वर्ष में एतिहासिक भव्य आयोजन आज से

नवभारत न्यूज

इटारसी, 18 मार्च नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में 63वें वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव का आयोजन आज चैत्र नवरात्र प्रतिपदा अर्थात गुड़ी पड़वा पर भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को ऐतिहासिक सफल बनाने हेतु व्यवस्थाओं को अंतिम स्वरूप दे दिया गया है। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार से राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार तक प्रतिदिन श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से नगर के श्रद्धालु श्रीराम कथा का श्रवणामृत ग्रहण करेंगे। समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में आयोजन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया है। आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अभिषेक तिवारी ने आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम समीक्षा की। श्रीराम नवमी पर निकलने वाले चल समारोह में भव्य और दिव्य स्वरूप में अखाड़े, डंडा नृत्य, सांस्कृतिक झांकियों के साथ अपने तय मार्ग से निकलेगा, जिसके लिए भी तैयारियां अंतिम दौर में है। आयोजन समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों से प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से श्रीराम कथा श्रवण करने पधारने हेतु आग्रह किया है। कथा में प्रतिदिन शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थ के साथ प्रसादी वितरण की जाएगी।



भाजपा चांदौन मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 18 मार्च भारतीय जनता पार्टी, जिला नर्मदापुरम के तत्वावधान में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत चादौन मंडल का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान संगठन सुदृढ़ीकरण, बूथ प्रबंधन एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के विभिन्न पहलुओं पर

विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस दीप प्रज्ज्वलन एवं 'वंदे मातरम' के गायन के साथ हुआ। प्रथम सत्र में अखिलेश खंडेलवाल ने 'कार्य विस्तार' विषय पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में प्रसन्ना हर्णे ने 'बूथ प्रबंधन' एवं 'मन की बात' कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर आयोजित

पिपरिया. शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रभात फेरी एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा योग अभ्यास के साथ किया गया, जिससे स्वास्थ्य एवं अनुशासन का संदेश प्रसारित हुआ।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन संघ की बैठक संपन्न

मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की धारा 49 को खत्म करके केंद्रीय तिथि से ही दिए डीए डीआर दिए जावे

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 18 मार्च आज बुधवार को पेंशनर्स संघ की बैठक का आयोजन सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में किया गया जिसमें निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिसमें महंगाई भत्ता की तीन प्रतिशत की राशि का एरीयस कर्मचारियों की तरह ही जुलाई 2025 से पेंशनरों को भी दिया जावे। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की धारा 49 को खत्म करके केंद्रीय तिथि से ही दिए डीए डीआर दिए जावे। उपस्थिति सदस्यों द्वारा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया । जिसमें दिनेश चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष एवं गौर साहब विनोद दुबे जेपी सोनी तिवारी जी एवं आरके गुप्ता तथा तहसील सोहागपुर से पेंशन संघ अध्यक्ष जेपी साहू नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी विनोद साहू राजेंद्र साहू एस एस पटेल के एस सराठे लखन कोरी विजयकर जी एमडी शर्मा प्रद्युम्न दुबे धनराज यादव रामकृष्ण मेहरा अमर सिंह होलिया फूल सिंह भल्लावी राजपाल चौधरी सुषमा धवलें आदि सदस्य उपस्थित रहे।

अपराध नियंत्रण व जनसुरक्षा को लेकर एसपी सख्त

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 18 मार्च नर्मदापुरम जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा ने सिवनी मालवा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं और पुलिसिंग के स्तर का गहनता से जायजा लिया तथा कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों—मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष और अभिलेख (रिकॉर्ड) कक्ष—का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और अद्यतन बनाए रखने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे। एसपी थोटा ने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए तथा उसका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से जुड़े मामलों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि पुराने मामलों को जल्द से जल्द निपटाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में नियमित और प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके और आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर भी एसपी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि साइबर से जुड़े मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच और कार्रवाई की जाए।

मोहन ठाकुर के जिला अध्यक्ष मनोनयन पर स्वागत

इटारसी, आज जिला कांग्रेस कार्यालय में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर मोहन ठाकुर को मनोनीत किए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय जी की उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने उनका जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र मालवीय, पूर्व पार्षद लखन राठौर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमल सरकार, मयंक कलोसिया आदि उपस्थित थे.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सीएम के सामने प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

हरदा, 18 मार्च मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के सहकारी बैंक के पास जमकर प्रदर्शन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हुए। सीएम के आगमन से पहले काले झंडे दिखाने की कोशिश कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर शहर से बाहर छोड़ दिया। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तरफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, जिला संगठन महासचिव गोविंद सूरमा, हरदा ब्लाक अध्यक्ष गोविंद व्यास, सूरज सिंह राजपूत, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव, खिरकिया ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी, करताना ब्लाक अध्यक्ष विक्रम चौहान, टिमरनी ब्लाक अध्यक्ष विनोद पटेल, अनिल लिबर्टी, राधेश्याम सिरोही, विजय सिरोही, पूनम सिरोही, रामभरोष, हरिशंकर विश्नोई, सतीष विश्नोई, संदीप गौर, कुं.मंजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण को लेकर बैठक संपन्न

पिपरिया सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के लिये एसडीएम की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय शासकीय, अशासकीय विद्यालयो के प्राचार्यो की बैठक हुई। एसडीएम सरोज परिहार ने अपने अनुभवो से सभी को अवगत कराया व बताया कि सर्वाइकल कैंसर से मेरी स्वयं की माँ की मृत्यु हुई थी इसलिये में स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहती हूंद आप भी स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे।



गैस की किल्लत | **खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई**

होटल, रेस्टोरेंट से 8 गैस सिलेण्डर जब्त

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 18 मार्च सिवनी मालवा नगर में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से आमजन परेशान हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। इसी बीच खाद्य विभाग ने सख्ती दिखाते हुए अवैध रूप से गैस के उपयोग पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाकर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कुल 8 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। सिवनी मालवा में यह जांच अभियान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनय सैनी के नेतृत्व में संचालित किया गया जिसमें शासन के निर्देशानुसार टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर होटल, ढाबों और दुकानों की सघन जांच की। कार्रवाई के दौरान भीलट देव मंदिर के पास स्थित श्याम रेस्टोरेंट से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए, जिनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में किया जा रहा था। इसी तरह सांवरिया सेठ टी स्टाल से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। जांच में पाया गया कि घरेलू उपयोग के लिए दिए जाने वाले सिलेंडर का उपयोग चाय-नाश्ते के व्यवसाय में किया जा रहा था, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। नवहीं, कलश रिसोर्ट में जांच के दौरान 5 कमर्शियल गैस सिलेंडर पाए गए, जिनके संबंध में संचालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेजों के अभाव में विभाग ने सभी सिलेंडरों को तत्काल जब्त कर लिया। इस सम्बंध में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनय सैनी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकता है। इसका व्यावसायिक उपयोग करना गैस नियंत्रण नियमों का उल्लंघन है। साथ ही, बिना वैध दस्तावेज के कमर्शियल सिलेंडर रखना भी अवैध है और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की किल्लत को देखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को गैस मिलने में परेशानी हो रही थी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आवश्यकतानुसार जुर्माना एवं अन्य कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे।